# CURRENT AFFAIRS

# NEWS FOR UPSC

## UPSC, IAS/PCS
## State Exam
## All Exam

**28 Jan. 2025**




Result Mitra™

**ABHAY Sir**

❖ Topic 1:– सांप काटने और एंटी-वेनम की समस्या

❖ Topic 2:– डीपसीक (DeepSeek) की प्रमुख जानकारी

❖ Topic 3:– काला सागर में तेल रिसाव

❖ Topic 4:- कोलंबिया और अमेरिका के बीच निर्वासन विवाद: मुख्य बिदु

❖ Topic 5:– बॉम्बे हाई कोर्ट का निर्णय: लाउडस्पीकर का उपयोग 'अनिवार्य धार्मिक प्रथा' नहीं




Result Mitra
सांप काटने और एंटी-वेनम की समस्या

## 1. सुप्रीम कोर्ट का निर्देश:

- सांप काटने से बढ़ती मौतों को रोकने के लिए केंद्र सरकार को जरूरी कदम उठाने का निर्देश।
- यह मुद्दा मुकदमेबाजी का नहीं बल्कि पब्लिक हेल्थ क्राइसिस का है।
- केंद्र से राज्यों के साथ मिलकर समाधान निकालने की अपील।



## 2. सांप काटने से मौतों का आंकड़ा:

- हर साल भारत में सांप काटने के अनुमानित 4 लाख मामले होते हैं।
- इनमें से लगभग 58,000 मौतें होती हैं।
- दुनिया में सांप काटने से सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती हैं।

## 3. दुनियाभर का सांख्यिकीय डाटा:

- ❖ हर साल वैश्विक स्तर पर 54 लाख सांप काटने के मामले सामने आते हैं।
- ❖ इनमें से लगभग 1 लाख मौतें और 3 लाख अपाहिज होने के मामले होते हैं।

## 4. भारत में सांप काटने की स्थिति:

- ❖ 97% मौतें ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं।
- ❖ जून से सितंबर के बीच सांप काटने की 50% से अधिक घटनाएं होती हैं।

## 5. इलाज में चुनौतियां:

- ❖ सांप की पहचान न हो पाने से इलाज कठिन हो जाता है।



- करैत जैसे सांप के न्यूरोटॉक्सिक जहर से पैरालिसिस और सांस संबंधी समस्याएं होती हैं।
- हीमोटॉक्सिक जहर शरीर में सूजन, दर्द और ब्लड क्लॉटिग का कारण बनता है।
- सही समय पर इलाज न होने से मौतें बढ़ती हैं।

## 6. अगली कार्रवाई:

- केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी सुप्रीम कोर्ट में पेश की जाएगी।
- मामले की अगली सुनवाई 6 हफ्ते बाद होगी।



❖ सांप का काटना (Snake Bite):

❖ सांप के काटने को जहरयुक्त (venomous) और गैर-जहरयुक्त (non-venomous) दो प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है।



1. भारत में सांपों के प्रकार

❖ भारत में 300 से अधिक सांपों की प्रजातियां हैं, जिनमें से लगभग 50 विषैले हैं।

❖ मुख्य विषैले सांप:

❖ कोबरा (Cobra)

❖ करैत (Krait)

❖ रसल वाइपर (Russell's Viper)

❖ सॉ स्केल्ड वाइपर (Saw-scaled Viper)

Result Mitra

## 2. सांप के जहर के प्रकार

❖ न्यूरोटॉक्सिक (Neurotoxic): यह तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। जैसे कोबरा और करैत।

❖ हेमोटॉक्सिक (Hemotoxic): यह रक्त और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करता है। जैसे रसल वाइपर।

❖ मायोटॉक्सिक (Myotoxic): यह मांसपेशियों को प्रभावित करता है।



## 3. सांप काटने के लक्षण

❖ जहर के प्रकार के अनुसार लक्षण भिन्न हो सकते हैं:

❖ न्यूरोटॉक्सिक: सांस लेने में कठिनाई, कमजोरी, लकवा।

❖ हेमोटॉक्सिक: अत्यधिक रक्तस्राव, सूजन।

❖ सामान्य लक्षण: दर्द, सूजन, घबराहट।

## ❖ एंटी-वेनम (Anti-Venom):

### 1. एंटी-वेनम क्या है?

❖ यह एक दवा है जो सांप के जहर को निष्क्रिय करने के लिए प्रयोग की जाती है।

❖ इसे सांप के जहर का उपयोग करके तैयार किया जाता है।

❖ एंटी-वेनम पॉलीवैलेंट (विभिन्न प्रकार के सांपों के जहर के लिए) या मोनोवैलेंट (विशिष्ट सांप के जहर के लिए) हो सकता है।



### 2. उपचार प्रक्रिया

❖ प्रभावित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए।

❖ एंटी-वेनम को चिकित्सक द्वारा निर्धारित मात्रा में दिया जाता है।

❖ एलर्जी की प्रतिक्रिया की संभावना होती है, इसलिए सावधानी बरतनी चाहिए।

3. भारत में एंटी-वेनम का उपयोग

- ❖ भारत में पॉलीवैलेंट एंटी-वेनम का उपयोग आम है।
- ❖ यह कोबरा, करैत, रसल वाइपर और सॉ स्केल्ड वाइपर के जहर को निष्क्रिय कर सकता है।

प्रश्न:भारत में सांपों की विविधता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. भारत में सांपों की कुल 300 से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती हैं।
2. भारतीय कोबरा और किंग कोबरा भारत के प्रमुख विषैले सांपों में शामिल हैं।
3. सांपों के शिकार करने की प्रक्रिया में विष का उपयोग केवल आक्रमण के लिए होता है, जबकि रक्षा के लिए इसका उपयोग नहीं किया जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

(a) 1 और 2 सही हैं
(b) 2 और 3 सही हैं
(c) 1 और 3 सही हैं
(d) 1, 2 और 3 सभी सही हैं






Result Mitra

# डीपसीक (DeepSeek) की प्रमुख जानकारी

## 1. चीन का AI स्टार्टअप:

❖ डीपसीक हांग्जो, चीन स्थित एक स्टार्टअप द्वारा विकसित किया गया है।
❖ यह 2021 में स्थापित हुआ और 2023 में अपना AI मॉडल जारी किया।

## 2. ऐप स्टोर पर चैटजीपीटी को पछाड़ा:

❖ 10 जनवरी 2025 को रिलीज़ होने के बाद, यह अमेरिका के Apple ऐप स्टोर पर सबसे ज्यादा रेटिंग वाला फ्री ऐप बन गया।
❖ सेंसर टॉवर के अनुसार, डाउनलोड और लोकप्रियता के मामले में इसने चैटजीपीटी को पीछे छोड़ दिया।



### 3. टेक्नोलॉजी और मॉडल:

- ❖ डीपसीक-V3 मॉडल को Nvidia H800 चिप्स का उपयोग कर ट्रेंड किया गया।
- ❖ ट्रेनिग लागत $6 मिलियन से कम रही।
- ❖ यह कई ओपन-सोर्स मॉडल्स से बेहतर प्रदर्शन करता है और हाई-क्लोज्ड सोर्स मॉडल्स को टक्कर देता है।



### 4. अमेरिका को चुनौती:

- ❖ डीपसीक की सफलता चीन के AI उद्योग की वैश्विक स्तर पर पकड़ मजबूत करने का संकेत देती है।
- ❖ अमेरिका द्वारा चिप्स पर प्रतिबंध के बावजूद, चीन ने AI के क्षेत्र में प्रगति की।

## 5. प्रतिद्वंदी:

❖ चैटजीपीटी और माइक्रोसॉफ्ट कोपायलेट जैसे प्रमुख चैटबॉट्स से इसका सीधा मुकाबला है।




## 6. कंपनी की पहचान:

❖ कंपनी के बारे में फिलहाल बहुत कम जानकारी उपलब्ध है, लेकिन इसका इनोवेशन इसे प्रतिस्पर्धा में सबसे आगे रखता है।

❖ ChatGPT जैसे कई अन्य प्लेटफॉर्म भी हैं जो AI चैटबॉट्स और भाषा आधारित मॉडल प्रदान करते हैं।

## 1. Google Bard

- **कंपनी:** Google (Alphabet Inc.)
- **विशेषता:** Google का Bard AI चैटबॉट भाषा समझने और जानकारी खोजने में सक्षम है। यह Google के Language Model for Dialogue Applications (LaMDA) पर आधारित है।

## 2. Microsoft Copilot (powered by OpenAI)

- **कंपनी:** Microsoft (OpenAI के साथ साझेदारी में)
- **विशेषता:** यह GPT-4 और अन्य OpenAI मॉडल पर आधारित है। Microsoft ने इसे Word, Excel और अन्य Microsoft Office एप्लिकेशन्स के साथ इंटीग्रेट किया है।

Result Mitra

## 3. Jasper AI

- **कंपनी:** Jasper Inc.
- **विशेषता:** यह मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग और कॉपी राइटिंग में इस्तेमाल के लिए खास है। Jasper GPT-4 और अन्य AI मॉडल्स को उपयोग करता है।

## 4. Anthropic's Claude

- **कंपनी:** Anthropic
- **विशेषता:** Claude AI एक सुरक्षित और यूजर-फ्रेंडली भाषा मॉडल है, जो चैटिंग और डेटा प्रोसेसिंग के लिए उपयोगी है।

## 5. IBM Watson Assistant

- ❖ कंपनी: IBM
- ❖ विशेषता: IBM का Watson Assistant बिजनेस-फोकस्ड चैटबॉट है, जो ग्राहक सेवा और एंटरप्राइज एप्लिकेशन्स में मदद करता है।

## 6. Meta’s Llama (Large Language Model)

- ❖ कंपनी: Meta (Facebook की पेरेंट कंपनी)
- ❖ विशेषता: Meta का Llama मॉडल रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए तैयार किया गया है। यह बड़े पैमाने पर भाषा आधारित चैट मॉडल है।



## 7. Hugging Face

- ❖ **कंपनी:** Hugging Face Inc.
- ❖ **विशेषता:** यह ओपन-सोर्स मशीन लर्निंग मॉडल्स और टूल्स प्रदान करता है। यह विशेष रूप से NLP (Natural Language Processing) के लिए मशहूर है।



## 8. Character.AI

- ❖ **कंपनी:** Character.AI
- ❖ **विशेषता:** यह AI चैटबॉट्स को कस्टमाइज़ करने में सक्षम है और इसे मनोरंजन, रोलप्ले और कस्टम चैट अनुभव के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## ❖ 9. Replika

❖ **कंपनी:** Luka, Inc.

❖ **विशेषता:** Replika एक व्यक्तिगत AI चैटबॉट है, जिसे दोस्ती और भावनात्मक सहायता के लिए डिज़ाइन किया गया है।




## 10. Open Assistant

❖ **कंपनी:** LAION (Open-Source Community)

❖ **विशेषता:** यह एक ओपन-सोर्स चैट AI प्रोजेक्ट है, जो ChatGPT के विकल्प के रूप में विकसित किया गया है।

Result Mitra

❖ प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन सा कार्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) द्वारा किया जा सकता है?

(a) मानवों के लिए लेख लिखना

(b) जटिल गणनाएँ करना

(c) संगीत रचना करना

(d) उपरोक्त सभी




Result Mitra
काला सागर में तेल रिसाव

## 1. तेल रिसाव का स्थान और समय:

❖ काला सागर (ब्लैक सी) में 15 दिसंबर को तेल रिसाव शुरू हुआ।

❖ यह घटना Kerch स्ट्रेट के पास हुई, जो क्रीमिया को दक्षिणी रूस से जोड़ती है।

## 2. घटना के कारण:

❖ एक तूफान के दौरान रूस के दो पुराने तेल टैंकर फंस गए।

❖ एक जहाज डूब गया, जबकि दूसरा क्षतिग्रस्त हो गया।

## 3. रिसाव की मात्रा:

❖ 2,400 टन भारी तेल (माजुत) समुद्र में फैल गया।

❖ यह तेल समुद्री क्षेत्र और तटों तक फैल चुका है।



## 4. समुद्री जीवन पर प्रभाव:

- ❖ रिसाव के कारण 32 डॉल्फिन समेत कई समुद्री जीवों की मौत हो गई।
- ❖ तेल समुद्री जीवों के लिए घातक होता है और साफ करना बेहद कठिन है।



## 5. रूसी अधिकारियों की प्रतिक्रिया:

- ❖ अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की है, लेकिन इसे नियंत्रित करने की प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण है।
- ❖ समुद्र में तेल रिसाव (Oil Spill) समुद्र में तेल के आकस्मिक या जानबूझकर फैलने की घटना है, जो समुद्री पर्यावरण और जीव-जंतुओं के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। यह आमतौर पर तेल टैंकरों, तेल रिग्स, पाइपलाइनों, या अन्य उपकरणों में खराबी के कारण होता है।

## ❖ तेल रिसाव के कारण

1. **जहाज दुर्घटनाएँ:** तेल टैंकरों के टकराव या डूबने से।

2. **ऑफशोर ड्रिलिंग दुर्घटनाएँ:** तेल निकालने के दौरान पाइपलाइनों में खराबी।

3. **पाइपलाइन लीक:** समुद्र के भीतर तेल ले जाने वाली पाइपलाइनों से रिसाव।

4. **इंसानी गलती:** संचालन में लापरवाही।

5. **आतंकवादी हमले या युद्ध:** तेल टैंकरों या रिग्स पर हमले।

6. **प्राकृतिक आपदाएँ:** जैसे कि भूकंप, सुनामी या तूफान।



## ❖ तेल रिसाव के प्रभाव

### 1. समुद्री जीव-जंतुओं पर प्रभाव:

❖ तेल समुद्री पक्षियों, कछुओं, मछलियों, और अन्य जीवों की त्वचा और पंखों पर चिपक जाता है, जिससे उनकी सांस लेने और तैरने की क्षमता बाधित होती है।

❖ तेल जहरीला होता है, जिससे मछलियों और समुद्री पौधों की मृत्यु हो सकती है।



### 2. पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान:

❖ समुद्र तटीय क्षेत्रों के मैंग्रोव, कोरल रीफ, और समुद्री घास नष्ट हो जाते हैं।

❖ भोजन श्रृंखला पर प्रतिकूल प्रभाव।

### 3. आर्थिक नुकसान:
- ❖ मछली पकड़ने और पर्यटन उद्योग को नुकसान।
- ❖ सफाई पर भारी लागत।

### 4. मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव:
- ❖ विषाक्त रसायनों के संपर्क में आने से त्वचा, श्वसन और अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ।



## ❖ तेल रिसाव से बचाव के उपाय

### 1. निवारक उपाय:
- ❖ **कठोर नियम और मानक:** तेल टैंकरों और ड्रिलिंग प्लेटफॉर्म्स के लिए।
- ❖ **उन्नत तकनीक:** पाइपलाइनों और उपकरणों में रिसाव की पहचान के लिए आधुनिक सेंसर और निगरानी प्रणाली।

❖ प्रशिक्षण: कर्मियों को आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना।

2. सफाई और प्रबंधन उपाय:

❖ तेल स्किमर्स: सतह पर तैरते तेल को हटाने के लिए।

❖ बूम्स: तेल को फैलने से रोकने के लिए।

❖ डिस्पर्सेंट्स: तेल को छोटे कणों में तोड़ने के लिए रसायनों का उपयोग।

❖ बायोरेमेडिएशन: तेल को जैविक रूप से नष्ट करने के लिए सूक्ष्मजीवों का उपयोग।

❖ ज्वलन विधि (Controlled Burning): समुद्र में फैले तेल को जलाकर खत्म करना।



3. वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास:

❖ तेल फैलाव को रोकने और साफ करने के नए तरीकों की खोज।

## 4. समुद्री परिवहन के नियमों को सख्त करना:

- ❖ जहाजों और टैंकरों की नियमित जाँच।
- ❖ जोखिम वाले इलाकों में जहाजों की आवाजाही पर प्रतिबंध।

## 5. अंतरराष्ट्रीय सहयोग:

- ❖ समुद्री प्रदूषण से निपटने के लिए वैश्विक संधियाँ, जैसे MARPOL (Marine Pollution Convention)।
- ❖ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित प्रतिक्रिया टीमें और उपकरण साझा करना।



## ❖ भारत में प्रासंगिक कदम

1. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) ने तेल रिसाव प्रबंधन के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

2. समुद्री प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड समुद्री क्षेत्रों की निगरानी करता है।

3. ऑयल स्पिल रिस्पांस सेंटर स्थापित करना।

4. बंदरगाहों और जहाजरानी मंत्रालय द्वारा तटीय क्षेत्रों पर निगरानी।



Result Mitra

## ❖ काला सागर (Black Sea)

❖ काला सागर, जो अपनी भौगोलिक स्थिति और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है, एक अंतर्देशीय सागर है जो दक्षिण-पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। इसका नाम "काला" (Black) इसलिए पड़ा क्योंकि पुराने समय में इसके जल में जहाजों का नेविगेशन कठिन था, और यह अक्सर तूफानों से प्रभावित रहता था।




## ❖ भौगोलिक स्थिति

❖ काला सागर यूरोप और एशिया के बीच स्थित है।

❖ यह बोस्पोरस जलडमरूमध्य और डारडानेल्स के माध्यम से एजियन सागर और भूमध्य सागर से जुड़ा हुआ है।

❖ उत्तर में यूक्रेन, पश्चिम में बुल्गारिया और रोमानिया, दक्षिण में तुर्की और पूर्व में जॉर्जिया और रूस इसके तटवर्ती देश हैं।

## ❖ महत्वपूर्ण तथ्य (यूपीएससी के लिए उपयोगी)

### 1. संबंधित देश:

❖ तुर्की, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन, जॉर्जिया और रूस।

### 2. प्रवेश और निकास:

❖ यह बोस्पोरस जलडमरूमध्य के माध्यम से मार्मारा सागर और डारडानेल्स के माध्यम से एजियन सागर से जुड़ा है।

### 3. राजनीतिक महत्व:

❖ काला सागर का क्षेत्र भू-राजनीतिक दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील है।

❖ यह नाटो और रूस के बीच एक रणनीतिक क्षेत्र है।



## 4. आर्थिक महत्व:

- ❖ यह तेल और प्राकृतिक गैस के भंडार के लिए प्रसिद्ध है।
- ❖ क्षेत्र में मत्स्य उद्योग और पर्यटन का भी महत्व है।




## 5. जल विज्ञान:

- ❖ यह अपने अनूठे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जाना जाता है।
- ❖ इसका निचला भाग ऑक्सीजन रहित है, जो इसे विशेष बनाता है।

## प्रश्नः ब्लैक सी की विशेषता क्या है?

1. यह एक भू-आवृत (Landlocked) सागर है।
2. यह यूरोप और एशिया के बीच स्थित है।
3. इसका जल पूर्णतः खारा है।
4. इसमें ऑक्सीजन की मात्रा गहराई में बहुत अधिक है।




Result Mitra
कोलंबिया और अमेरिका के बीच
निर्वासन विवाद: मुख्य बिंदु

## 1. कोलंबिया का अमेरिका से निर्वासन फ्लाइट्स रोकना

❖ राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने अमेरिका से निर्वासित कोलंबियाई नागरिकों को लेकर आने वाली फ्लाइट्स को देश में उतरने से रोक दिया।

## 2. डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी चेतावनी

❖ ट्रंप प्रशासन ने कोलंबिया पर 25% टैरिफ लगाने और कोलंबियाई नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध व वीजा रद्द करने की धमकी दी।

## 3. कोलंबिया का यू-टर्न

❖ ट्रंप की धमकी के बाद कोलंबिया ने अमेरिका से निर्वासित लोगों को स्वीकारने का फैसला किया।






Result Mitra

## 4. राष्ट्रपति विमान का उपयोग

❖ कोलंबिया अपने नागरिकों को गरिमापूर्ण वापसी के लिए राष्ट्रपति विमान होंडुरास भेजेगा।

## 5. मानवाधिकारों की सुरक्षा

❖ निर्वासित नागरिकों के सम्मानजनक व्यवहार के लिए एक विशेष टीम और एकीकृत कमांड पोस्ट (PMU) स्थापित की गई है।

## 6. ट्रंप का आरोप

❖ ट्रंप ने कोलंबिया पर आरोप लगाया कि उसने जानबूझकर अमेरिकी फ्लाइट्स को उतरने से मना किया।



## 7. दोनों देशों के बीच व्यापार विवाद

❖ कोलंबिया ने भी जवाब में अमेरिका पर 25% टैरिफ लगाने का इशारा किया, जिससे तनाव और बढ़ गया।




## 8. कोलंबिया का स्पष्टीकरण

❖ कोलंबिया ने कहा कि निर्वासित नागरिकों की गरिमापूर्ण वापसी सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

❖ कोलंबिया (Colombia) दक्षिण अमेरिका का एक देश है

❖ जो अपनी भौगोलिक विविधता, जैव विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास के लिए जाना जाता है।

## 1. भौगोलिक स्थिति

- ❖ कोलंबिया उत्तरी दक्षिण अमेरिका में स्थित है।
- ❖ यह देश प्रशांत महासागर और कैरिबियन सागर के साथ सीमा साझा करता है।
- ❖ यह भूमध्य रेखा के पास स्थित है, इसलिए यहाँ उष्णकटिबंधीय जलवायु है।
- ❖ कोलंबिया अमेज़न वर्षावनों, एंडीज़ पर्वत और घास के मैदानों का घर है।

## 2. राजधानी और प्रमुख शहर

- ❖ राजधानी: बोगोटा (Bogotá)।
- ❖ अन्य प्रमुख शहर: मेडेलिन, कालि, कार्टाजेना, बैरांक्विला।



## 3. राजनीतिक और प्रशासनिक संरचना

- कोलंबिया एक गणराज्य है।
- इसका संविधान 1991 में लागू किया गया था।
- यहां एक राष्ट्रपति प्रणाली है, और राष्ट्रपति देश के प्रमुख और सरकार के प्रमुख होते हैं।

## 4. अर्थव्यवस्था

- कोलंबिया की अर्थव्यवस्था कृषि, खनिज और ऊर्जा उत्पादन पर आधारित है।
- यहाँ कॉफी, फूल, तेल, कोयला और पन्ना का प्रमुख निर्यात होता है।
- कोलंबिया को "पन्ना की राजधानी" कहा जाता है क्योंकि यह दुनिया के पन्ना उत्पादन में प्रमुख स्थान रखता है।




Result Mitra
बॉम्बे हाई कोर्ट का निर्णय: लाउडस्पीकर का
उपयोग 'अनिवार्य धार्मिक प्रथा' नहीं

1. **महेश विजय केस (2016):** बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस केस में लाउडस्पीकर के उपयोग को किसी भी धर्म की अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं माना।

2. **सुप्रीम कोर्ट का संदर्भ:** कोर्ट ने चर्च ऑफ गॉड केस (2000) का हवाला देते हुए कहा कि लाउडस्पीकर का उपयोग संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) और अनुच्छेद 25 के तहत मौलिक अधिकार नहीं है।

3. **अनिवार्य धार्मिक प्रथा परीक्षण:** भारतीय न्यायपालिका "अनिवार्य धार्मिक प्रथा" (ERP) का उपयोग यह निर्धारित करने के लिए करती है कि किसी धार्मिक प्रथा को धर्म का अनिवार्य हिस्सा माना जा सकता है या नहीं।



4. श्री शिरूर मठ केस (1954): सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में धार्मिक स्वतंत्रता के तहत प्रथाओं को अनिवार्य हिस्सा मानने का आधार तय किया था।

5. अन्य सुप्रीम कोर्ट के फैसले:



❖ श्री आदि विशेश्वर वाद (1997): मंदिर के धार्मिक और लौकिक कार्यों के बीच अंतर स्थापित किया।

❖ आचार्य जगदीश्वरानंद वाद (2004): धर्म का मूल स्वरूप में बदलाव होने पर ही किसी प्रथा को अनिवार्य माना जा सकता है।

❖ शायरा बानो वाद (2017): कोर्ट ने ट्रिपल तलाक को धर्म के मूल सिद्धांतों के खिलाफ माना।

❖ यह निर्णय लाउडस्पीकर के धार्मिक उपयोग पर न्यायिक दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है।

# THANK YOU

Result Mitra

@resultmitra / 8650457000

@resultmitra

@resultmitra

Result Mitra

LIKE & SHARE

PDF

+ SUBSCRIBE